>

Title: Need to set up another AIIMS in the country.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): माननीय सभापति महोदय, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली चिकित्सा के क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा एवं प्रतिष्ठित संस्थान है जहाँ देश के हर तबके के लोगों को उच्चस्तरीय चिकित्सा उपलब्ध होती है। इस संस्थान में प्रतिदिन जितने मरीज़ों का इलाज होता है, उसमें से अधिकांश बिहार से आते हैं जो या तो मध्य वर्ग के होते हैं या गरीब अथवा अत्यंत गरीब लोग होते हैं। विगत दिनों में यह देखने में आया है कि अस्पताल में मरीज़ों की पैथोलॉजी एवं रेडियोलॉजी जाँच एवं शल्य चिकित्सा के लिए काफी लंबा समय दिया जाता है या फिर बार-बार दाखिले के लिए बुलाकर बैड की अनुपलब्धता के नाम पर डेट पर डेट दी जाती है जिसके कारण मरीज़ों को समुचित इलाज समय पर नहीं मिल पाता है और वे दम तोड़ देते हैं। एक बात और भी काबिले-गौर है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज की हसरत लिए बिहार से आए असाध्य रोगियों को जगह एवं बैड के अभाव में बगल के सफदरजंग अस्पताल में रैफर कर दिया जाता है जिससे संबंधित रोगी मानसिक संतुलन खो देते हैं जो उनके स्वस्थ होने में बाधक होता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहूँगा कि या तो एम्स जैसे दूसरे अस्पताल बनवाए जाएँ या फिर मौजूदा अस्पताल में डाक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, चिकित्सा उपकरणों एवं बैडों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि आये दिन गरीब और लाचार रोगी समय पर इलाज के अभाव में दम न तोड़ें। इसके अलावा सांसदों द्वारा भेजे गए मरीजों को प्राथमिकता से देखा जाए। यही मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं।